रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1414] नई दिल्ली, बुधवार, जुलाई 14, 2010/आषाढ़ 23, 1932

No. 1414] NEW DELHI, WEDNESDAY, JULY 14, 2010/ASADHA 23, 1932

**वित्त मंत्रालय**

**(राजस्व विभाग)**

**(केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड)**

**अधिसूचना**

नई दिल्ली, 14 जुलाई, 2010

**(आयकर)**

**का.आ. 1667(अ).**—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 के खण्ड (15) के उप-खण्ड (vii) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उक्त उप-खंड के प्रयोजनार्थ निम्नलिखित ब्यौरों के साथ वित्तीय द्वितीय ट्रांश बांड विनिर्दिष्ट करती है, अर्थात्:—

| | |
|---|---|
| (क) बान्ड का नाम | भारत सरकार की पूल्ड वित्त विकास योजना के तहत कर मुक्त पूल्ड वित्त विकास बान्ड (द्वितीय ट्रांश)। |
| (ख) जारी करने वाला प्राधिकारी | जल एवं स्वच्छता पूल्ड निधि, तमिलनाडु जो कि तमिलनाडु राज्य के लिए राज्य पूल्ड वित्त संस्था के रूप में पदनामित है। |
| (ग) प्रयोजन | तमिलनाडु की जल पूर्ति योजना एवं भू-मल व्ययन योजना के अधीन सात शहरी स्थानीय निकायों द्वारा कार्यान्वित परियोजनाओं को अंशत: निधि प्रदान करना। |
| (घ) बान्ड की अवधि | पांच वर्ष के मूल अधिस्थगन काल के साथ दस वर्ष। |
| (ङ) कुल निर्गम मात्रा | तिरासी करोड़ उन्नीस लाख रुपये मात्र। |
| (च) ब्याज | आठ प्रतिशत प्रति वर्ष से अधिक नहीं। |

(2) उक्त बान्ड निम्नलिखित के अधीन विनिर्दिष्ट हैं:—

(i) शहरी विकास मंत्रालय के संकल्प सं. के-14011/40/01-यूडी. II (वाल्यूम. III), दिनांक 25 अक्तूबर, 2006 द्वारा अधिसूचित्त पूल्ड वित्त विकास योजना हेतु दिशानिर्देशों में दी गई शर्तें तथा शहरी विकास मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन फा. सं. के-14011/40/01-यूडी. II(वाल्यूम. III), दिनांक 7-6-2007 द्वारा परिचालित कर मुक्त पूल्ड वित्त विकास बान्ड को जारी करने हेतु दिशानिर्देश; एवं

(ii) यह शर्त कि वे सरकारी राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशित होने से बारह महीनों की अवधि के भीतर जारी किए जाएं।

[अधिसूचना सं. 52/2010/फा. सं. 164/1/2010-आ.क.नि-I]

पदम सिंह, अवर सचिव (आ.क.नि.-1)